हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, मंगलवार, 3 जून, 2025

तापमान
अधिकतम 38 .5 डिग्री
न्यूनतम 27 .3 डिग्री

12 राजकीय महाविद्यालय बरवाला में स्नातक...



12 पुराने अखबारों का उपयोग कर दिखाई प्रतिभा



## खबर संक्षेप

### नगर निगम ने बेसहारा 23 पशुओं को पकड़ा

**हिसार।** निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार व अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा के दिशा-निर्देश पर बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान की निरंतर जारी हैं। एएसआई संदीप कुमार ने बताया कि टीम के द्वारा सोमवार को गांव सातरोड से बेसहारा पशु पकड़ने का अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने दो दिन में 23 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण में भेजा गया। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### स्कूटी चोरी के मामले में आरोपी को भेजा जेल

**बरवाला।** पुलिस ने अग्रसेन चौक बरवाला के पास से इलेक्ट्रिक स्कूटी चोरी के मामले में संलिप्त आरोपी पारता, टोहाना निवासी सतीश को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा इलेक्ट्रिक स्कूटी बरामद की है। एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपी सतीश को हिसार अदालत में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि थाना बरवाला में सिंधड़ निवासी कुलदीप ने अग्रसेन चौक बरवाला के पास से 26 मई की शाम को इलेक्ट्रिक स्कूटी चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी।

### महिला लकड़ी लाने के लिए गई, हुई लापता

**नारनौंद।** गांव खरबला की एक महिला नहर पर लकड़ी लाने के लिए गई थी। वहां अज्ञात परिस्थितियों में लापता हो गई। महिला के पति ने इसकी शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। गांव खरबला निवासी रामदिया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है और वो तीन बच्चों का पिता है। 31 मई की सुबह 30 वर्षीय उसकी पत्नी संतोष घर से लकड़ी लाने के लिए खेतों में नहर पर गई थी। देर शाम तक वह घर वापस नहीं आई तो उसकी काफी तलाश की गई लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा।

### महिला से मारपीट व जान से मारने की धमकी दी

**नारनौंद।** गांव पेटवाड़ में एक युवक ने महिला व उसकी बेटी के साथ मारपीट कर उनको जान से मारने की धमकी देते हुए अभद्र गाली गलौच की। पुलिस ने युवक के खिलाफ एससी एसटी सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पेटवाड़ निवासी महिला ने बताया कि वह खेतों में अपनी बेटी के साथ घास काट रही थी। उसी समय पेटवाड़ निवासी मनोज वहां पर पहुंच गया। उसने हम दोनों को अभद्र गालियां देनी शुरू कर दी और मारपीट भी की। जाते समय जान से मारने की धमकीं दी। पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ एससी एसटी सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### बिजली निगम आज सुनेगा समस्याएं

**हिसार।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्वाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्ण उपभोक्ता संतुष्टि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वकांक्षी कार्यक्रम प्रारम्भ किए गए हैं ताकि उपभाक्ताओं की समस्याओं की त्वरित रूप में सुलझाया जा सके। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम एसई ओमबीर सिंह ने बताया कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा हिसार फोरम के तहत आने वाले जिला हिसार के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत की सुनवाई 3 जून को दोपहर 3 से 5 बजे तक अधीक्षण अभियंता ऑपरेशन सर्कल हिसार के कार्यालय में की जाएगी।

# बालसमंद गांव के गणपति चिलिंग प्लांट पर सीएम फ्लाइंग का छापा, दूध के सैंपल एकत्र कर जांच के लिए लैब भेजा जाएगा

### तीन हजार लीटर संदिग्ध दूध बरामद, कार्रवाई से मची खलबली

## मिलावट करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाए हुए है, लोगों की सेहत से खिलवाड़ नहीं होगा बर्दाश्तः सुनैना

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिले के गांव बालसमंद में सीएम फ्लाइंग टीम ने गणपति चिलिंग सेंटर पर छापेमारी कर दूध में मिलावट की आशंका के चलते बड़ा कदम उठाया। इस कार्रवाई में टीम ने मौके से करीब तीन हजार लीटर दूध बरामद किया, जिसके सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना के नेतृत्व में सोमवार को की गई छापेमारी में एसआई जितेंद्र, एएसआई सुरेंद्र, एचसी विजय और खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. पवन चहल भी मौजूद रहे।

### सूचना के आधार पर की गई छापेमारी

जानकारी के अनुसार सीएम फ्लाइंग को गुप्त सूचना मिली थी कि बालसमंद गांव में चल रहा यह गणपति चिलिंग सेंटर कई प्रकार की अनियमितताओं में लिप्त है और वहां दूध में मिलावट की आशंका जताई गई थी। इसी के चलते सोमवार सुबह टीम ने प्लांट पर रेड की। छापेमारी के दौरान गणपति चिलिंग सेंटर का संचालक मौके से गायब मिला और वहां पर किसी प्रकार का कोई तकनीकी डिप्लोमा होल्डर या क्वालिफाइड सुपरवाइजर भी मौजूद नहीं था। पूछताछ के दौरान मौके पर मौजूद एक व्यक्ति, राहुल ने टीम को बताया कि इस प्लांट पर प्रतिदिन लगभग 12 हजार लीटर दूध आसपास के गांवों से इकट्ठा कर चिलिंग की प्रक्रिया से गुजारा जाता है और इसके बाद यह दूध रोहतक स्थित अमूल दूध प्लांट को भेजा जाता है। टीम ने मौके पर मौजूद दूध के सैंपल एकत्र कर लिए हैं जिन्हें खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. पवन चहल द्वारा जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।





हिसार। गणपति चिलिंग प्लांट पर जांच पड़ताल करते सीएम फ्लाइंग टीम। फोटो: हरिभूमि

### सैंपल की जांच रिपोर्ट पर टिकी

सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने कहा कि प्रदेश सरकार खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाए हुए है। किसी भी स्थान पर गड़बड़ी की सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि खाद्य व्यवसाय से जुड़े सभी लोग अपने लाइसेंस एवं प्रशिक्षित कर्मचारियों के साथ काम करें और प्रक्रिया को नियमों के तहत संचालित करें, ताकि कानून का उल्लंघन न हो। अब सभी की निगाहें दूध के सैंपल की जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि उपभोक्ताओं तक पहुंचने वाला दूध कितना शुद्ध और सुरक्षित है।

## रोहतक जाने की कहकर घर से निकला था, कार में मिला मृत

# नशे की ओवरडोज लेने के कारण 32 वर्षीय राइस मिल मालिक की मौत

### पुलिस को जांच के दौरान कार से मिला नशा यूज करने का रेपर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

शहर के साउथ बाइपास पर एक कार में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक के पास ही दवाई की कुछ पुड़िया पड़ी मिली है। आशंका जताई जा रही है कि ये पुड़िया नशे की थी और ओवरडोज के कारण युवक की मौत हुई है। फिर भी युवक के पोस्टमार्टम व पुड़िया की जांच से ही पूरी स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। बताया जा रहा है कि सेक्टर 15 निवासी लगभग 32 वर्षीय युवक सिद्धार्थ रविवार को दोपहर दो बजे रोहतक जाने के लिए घर से निकला था। सोमवार सुबह उसका शव साउथ बाइपास पर आधार अस्पताल के सामने बालसमंद नहर के किनारे कार में मिला। कार के अंदर रेपर मिला है जिसको नशा करने में इस्तेमाल किया गया। मृतक की कार भी स्टार्ट मिली। परिजनों के अनुसार सिद्धार्थ बरवाला में राइस मिल्स चलाता था। सिद्धार्थ रविवार दोपहर दो बजे से रोहतक जाने की बात कह कार लेकर निकला था। उसके बाद वह रोहतक नहीं गया और अपनी कार आधार अस्पताल के सामने बालसमंद नहर के किनारे सड़क पर खड़ी कर ली। करीब चार बजे सिद्धार्थ ने अपनी पत्नी से वीडियो कॉल की। उसके बाद उसका फोन बंद हो गया। जांच में सामने आया कि सिद्धार्थ ने कार में बैठ कर रेपर के जरिए चिट्टे का नशा किया। रात भर कार स्टार्ट थी। सुबह सात बजे के करीब वहां से गुजर रहे एक राहगीर ने कार में देखा कि एक युवक चालक वाली सीट पर बैठा हुआ है और कोई हरकत नहीं हो रही। फिर राहगीर ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर आजाद नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के परिजनों से संपर्क करके उन्हें मौके पर बुलाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा तो कार अंदर से लॉक थी। उसके बाद पिछली खिड़की का शीशा तोड़कर कार के दरवाजे को खोला गया और युवक को एंबुलेंस के जरिए जिला के नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया। जांच के दौरान पुलिस को कार से रेपर मिला है। पुलिस ने शव का सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया और परिजनों के बयान पर इतफाकिया कार्रवाई की है।



हिसार। मौके पर जांच करती पुलिस। फोटो: हरिभूमि

### नशे से पहले जा चुकी कई युवाओं की जान

⏭ 2 अक्टूबर को नशे की ओवरडोज के कारण मिलगेट एरिया के 21 वर्षीय राहुल की मौत हो गई। वह मिलगेट एरिया के कप्तान स्कूल के पास एक गली में ई-रिक्शा में बेसुध हालत में मिला। उसके बाएं हाथ में सिरिंज लगी हुई थी। बाद में अस्पताल में डॉक्टर ने चैकअप कर उसे मृत घोषित कर दिया।

⏭ 2 अक्टूबर को ही शहर के ऋषि नगर में लगभग 33 वर्षीय चन्द्रप्रकाश ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी और वह सुल्फे व गांजे का नशा करता था। इसके चलते वह मानसिक तौर पर परेशान रहने लगा था।

⏭ सितंबर माह में नजदीकी गांव गंगवा में नशे की ओवरडोज से 41 वर्षीय हरदीप की मौत हो गई। उसके पोस्टमार्टम में नशे से मौत की पुष्टि हुई।

⏭ 6 अप्रैल को टिब्बा दानाशेर के 23 वर्षीय रवि की नशे की ओवरडोज के चलते शिवनगर के पार्क में मौत हो गई।

⏭ गत 6 जनवरी को न्यू क्लॉथ मार्केट के पास झाड़ियों में मुलतानी चौक के 30 वर्षीय युवक गौरव का शव मिला था। उसकी मौत नशे की ओवरडोज के कारण हुई थी।

⏭ 2 दिसंबर 2023 को स्वास्थ्य विभाग का एंबुलैंस स्टाफ रात के समय कैंट के पास के पैट्रोल पंप के साथ से आदर्श कॉलोनी के 26 वर्षीय वीरेंद्र को उठाकर नागरिक अस्पताल में लाया था। नशे की ओवरडोज से उसकी मौत हो गई थी।

⏭ 6 दिसंबर 2023 को सूर्यनगर का 23 वर्षीय अमित कुमार का शव अंबेडकर बस्ती के पास झाड़ियों में पड़ा मिला था। नशे के कारण उसकी मौत हुई थी।

⏭ 23 सितंबर 2023 को मस्तनाथ कॉलोनी के 32 वर्षीय संजय कुमार का शव गुरु गुरुभेश्वर विश्वविद्यालय की बाऊंड्री के पास मिला था। पुलिस के अनुसार उसकी नशे की ओवरडोज के कारण हुई थी।

⏭ 15 अगस्त 2023 को पड़ाव का 30 वर्षीय विद्याधर उर्फ बंटी गुजरात से घर लौटा था। अगली सुबह उसका शव विकास नगर की झाड़ियों में मिला था। उसकी मौत नशे की ओवरडोज से हुई थी।

⏭ 8 जुलाई 2023 को सेक्टर 1-4 के पास पानी की डिग्गी के पास सुनील नाम के युवक का शव मिला था। उसके शव के पास सीरिंज व मोबाइल फोन मिला था। नशे की ओवरडोज से उसकी मौत हुई थी।

⏭ 5 अप्रैल 2023 को पीरांवाली के 28 वर्षीय युवक विजय की नशे की ओवरडोज से मौत हो गई थी। वह नशे का आदी था और मजदूरी करता था।



हिसार। शिविर में अभ्यास करते युवा। फोटो: हरिभूमि

# आयुर्वेद औषधि नहीं, बल्कि आहारः सत्यप्रकाश आर्य

- गुरुकुल धीरणवास में युवा चरित्र निर्माण शिविर का आयोजन
- आयुर्वेद की औषधियों के बारे में दी विस्तार से जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरुकुल धीरणवास एवं सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के संयुक्त तत्वावधान मे आयोजित युवा चरित्र निर्माण शिविर नें सोमवार को जहां आयुर्वेद पर चर्चा हुई, वहीं बच्चों की वैदिक सिद्धांतों पर लिखित परीक्षा भी हुई। गुरुकुल के प्रवक्ता सत्यपाल अग्रवाल ने बताया कि रोहतक के नाड़ी वैध कायाकल्प संस्थान के संचालक नाड़ी वैद्य सत्यप्रकाश आर्य ने गुरुकुल धीरणवास में चल रहे युवा चरित्र निर्माण एवं योग शिविर मे ऑनलाइन प्रवचन दिया।

उन्होंने युवाओं को आयुर्वेद औषधियों के बारे में बताते हुए कहा कि आयुर्वेद में सुखी जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद औषधि नहीं, बल्कि आहार है। आयुर्वेद में सभी रोगों का स्थायी इलाज है और इसके दुष्परिणाम भी नहीं हैं।

अतः लंबा व सुखी जीवन जीने के लिए आयुर्वेद को अपनाएं। उन्होंने सर्दी, गर्मी या मौसम तब्दीली के कारण खांसी, जुकाम या एलर्जी होने पर अंग्रेजी दवा नहीं लेने की सलाह दी। सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के प्रदेश अध्यक्ष दलबीर आर्य ने कहा कि युवा देश की रीढ़ होते हैं। इसलिए युवाओं का नैतिक रूप से चरित्रवान होना, राष्ट्र भक्त होना परम आवश्यक है। आचार्य देवदत शास्त्री नें संध्या एवं यज्ञ का प्रशिक्षण दिया।

आचार्य सहसरपाल आर्य तथा आचार्य गुलाब सिंह आर्य नें योगासन, सर्वांगसुंदर व्यायाम, जुडो, कराटे, लाठी चलाने का अभ्यास करवाया। गुरुकुल के मुख्य अधिष्ठिता कैप्टन सूबे सिंह ने पूरे प्रबंधन को संभाला। इस अवसर पर गुरुकुल के मंत्री सत्यप्रकाश आर्य, मनीराम गोयल, सहायक मुख्यधिष्ठाता महेन्द्र आर्य, कार्यकारिणी के सदस्य पूर्व सरपंच तेलुराम, जिला आर्य युवक परिषद के उप प्रधान जयवीर आर्य, जोगेंद्र आर्य, विक्रम सिंह, अजय, प्रवेश, कुलदीप, सुनील शास्त्री, सत्यवान, मोहित शास्त्री, अशोक आदि उपस्थित रहे।



आदमपुर। महिला बॉक्सर किरण बिश्नोई। फोटो: हरिभूमि

### आदमपुर खंड के स्कूलों में समर कैंप शुरू

**आदमपुर।** गांव खारा बरवाला के राजकीय कन्या उच्च विद्यालय में विभागीय आदेश अनुसार सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप शुरू हुआ। कैंप के पहले दिन विद्यालय की छात्राओं को मराठी भाषा के बारे में जानकारी दी गई। छात्राओं ने मराठी के सामान्य शब्दों व वाक्यों को सीखकर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस मौके पर जनार्दन शर्मा, शारदा रानी आदि स्कूल स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। इस मौके पर विद्यालय प्रभारी रामभगत, जयप्रकाश गोयल, मुकेश शर्मा, मुकेश कुमार, पूजा आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## पेटवाड़ डिस्ट्रीब्यूटरी में मिला दो दिन से लापता युवक का शव

- श्याम बाबा के जागरण में जाने की कहकर घर से निकला था युवक, हाथ पर गुदे नाम से हुई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

पेटवाड़ डिस्ट्रीब्यूटरी के उमरा रोड़ पुल के समीप सोमवार सुबह दो दिन से लापता युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह एक राहगीर ने पेटवाड़ डिस्ट्रीब्यूटरी में उमरा रोड़ पुल के समीप पानी में एक शव को तैरते देखकर पुलिस को सूचना दी। युवक के हाथ पर नाम गुदा हुआ था और उसके हाथ में पहनी माला पर भी यही नाम लिखा हुआ था।



मृतक अजीत की फाइल फोटो

जिसके बाद आसपास के लोगों ने उसकी पहचान प्रेमनगर निवासी लगभग 30 वर्षीय अजीत के रूप में की। मृतक अजीत दो दिन पहले शनिवार शाम को घर से जागरण में जाने की कह कर निकला था और उसके बाद से वापस घर लौटा था। नहर में युवक का शव मिलने की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को नहर से बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पुलिस ने मृतक के पिता राममेहर के बयान पर इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। अजीत की मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में ही होगा। मृतक के पिता राममेहर ने बताया कि उनका बेटा शनिवार रात घर से यह कहकर निकला था कि वह शहर में हो रहे श्याम बाबा के जागरण में जा रहा है। लेकिन उसके बाद वह रातभर वापस घर नहीं लौटा। जिसके बाद उन्होंने अपने स्तर पर उसको तलाश किया, लेकिन अजीत के बारे में कहीं कोई सुराग नहीं मिला। अजीत अविवाहित था और मेहनत मजदूरी का काम करता था।

# सुभाष चंद्रा फाउंडेशन की मुक्केबाज का उत्कृष्ट प्रदर्शन

- यूक्रेन की मुक्केबाज को 5-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आदमपुर

थाइलैंड की राजधानी बैंकॉक में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ओपन मुक्केब़ाज़ी प्रतियोगिता में सुभाष चंद्रा फ़ाउंडेशन खेल प्रशिक्षण केन्द्र आदमपुर स्टेडियम की महिला मुक्केबाज़ किरन बिश्नोई ने 80 किलो भार वर्ग में भारत के लिए रजत पदक हासिल कर देश को गौरवान्वित किया। सेमीफ़ाइनल में किरन बिश्नोई ने यूक्रेन की महिला मुक्केबाज़ को 5-0 से हराकर फ़ाइनल में प्रवेश किया तथा फ़ाइनल में कजाकिस्तान की महिला बॉक्सर से कड़े संघर्ष में 3-2 पॉइंट से हार कर रजत पदक भारत के लिए हासिल किया। किरण बिश्नोई ने इस उपलब्धि का श्रेय सुभाष चंद्रा फ़ाउंडेशन द्वारा आदमपुर स्टेडियम में चलाई गई खेल गतिविधियों व फ़ाउंडेशन के प्रतिभाशाली कोच लक्ष्मण रावत व अपने माता पिता को दिया। सुभाष चंद्रा फ़ाउंडेशन के टीम लीडर अनिल कुमार व खेल इंचार्ज सूबे सिंह बेनीवाल ने बताया कि फ़ाउंडेशन ने हिसार के भिन्न भिन्न गांव में लगभग 50 खेल के केंद्र स्थापित किए हुए है ताकि ग्रामीण अंचल के बच्चे नशे से दूर रह कर अपनी प्रतिभा को खेलों के माध्यम से अपने सपनों को साकार कर सके हैं।

## समाधान शिविर में एक शिकायत पर एसडीएम ने लिया संज्ञान

# शहर की सुंदरता बिगाड़ने पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

एसडीएम मोहित महराणा ने सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में एक नागरिक द्वारा अवैध प्रचार सामग्री लगाने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शहर में अवैध रूप से लगाई जा रही प्रचार सामग्री को हटाने के लिए तत्काल अभियान चलाएं और बिना परमिशन के अवैध सामग्री लगा कर शहर की सुंदरता को खराब करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तरह की गतिविधियां न केवल शहर की सुंदरता को प्रभावित करती हैं, बल्कि यह संपत्ति विरूपण अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। एसडीएम महराणा ने निर्देश दिए कि अभियान चलाकर वर्तमान में लगी सभी अवैध प्रचार सामग्री को हटाया जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की गतिविधि करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाए।




हांसी। समाधान शिविर में जन समस्याएं सुनते नारनौंद उपमंडल के एसडीएम एवं लिंक अधिकारी मोहित महराणा। फोटो: हरिभूमि

### प्रॉपर्टी आईडी समस्याओं पर तीन दिन में मांगी रिपोर्ट

एसडीएम महराणा ने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविरों में प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित प्राप्त शिकायतों पर अब तक की गई कार्यवाही की आगामी तीन दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। समाधान शिविर में एसडीएम कार्यालय के अधीक्षक धर्मवीर सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### ढाणी पुरिया और खानपुर गांव की समस्याओं पर संज्ञान

समाधान शिविर के दौरान ढाणी पुरिया गांव के एक व्यक्ति ने शिकायत की कि जलापूर्ति पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क को समतल नहीं किया गया है। इस पर एसडीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके मुआयना कर शीघ्र सड़क को समतल कर दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए।

# हरिभूमि सहेली



विशेषः विश्व पर्यावरण दिवस
5 जून

आज पर्यावरणीय प्रदूषण के जो कारण हैं, इनमें प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग भी शामिल है। विभिन्न प्रोडक्ट्स के माध्यम से प्लास्टिक हमारे शरीर में पहुंच रहा है। पानी, भोजन और हवा में घुले माइक्रोप्लास्टिक हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत घातक हैं। इसीलिए इस साल विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'एंडिंग प्लास्टिक पॉल्यूशन' रखी गई है, ताकि लोग जागरूक हों और हरियाली फैलाने के साथ प्लास्टिक के उपयोग से बचें।

## प्लास्टिक से मिले मुक्ति हरा-भरा हो हमारा पर्यावरण

कवर स्टोरी
**डॉ. मोनिका शर्मा**

बीते कुछ वर्षों में चमक-दमक और सहजता के नाम पर बहुत कुछ हमारी जीवनशैली से जुड़ गया है। प्लास्टिक और प्लास्टिक से बने हर तरह के प्रोडक्ट्स इस फेहरिस्त में सबसे ऊपर हैं। सुविधा और सजावटी सामान बन जिंदगी का हिस्सा बना प्लास्टिक अब पूरे पर्यावरण के लिए खतरा बन गया है। प्लास्टिक के कण यानी माइक्रोप्लास्टिक मिट्टी, जल और हवा के पॉल्यूशन का अहम कारण बन गया है। यह इंसानी सेहत के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर रहा है। यही वजह है कि नदी, तालाब से लेकर धरती की गोद और समुद्र तक को कचरे से पाट रहे प्लास्टिक से दूरी बनाना जरूरी है। सरकारी प्रयासों के साथ ही हर परिवार को प्लास्टिक प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल में कमी लाने की राह पकड़नी होगी। साल 2025 की विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को खत्म करने पर ही फोकस्ड है। 'एंडिंग प्लास्टिक पॉल्यूशन' थीम जीवन के हर हिस्से में जगह बना चुके प्लास्टिक से मुक्ति पाने का संदेश लिए है।



**स्त्रियों का रोल अहमः** रोजमर्रा की एक्टिविटीज में प्लास्टिक से दूरी बनाने में महिलाओं की भूमिका बहुत अहम हो सकती है। डोमेस्टिक फ्रंट पर न सिर्फ प्लास्टिक की चीजों का विकल्प ढूंढने में बल्कि इस्तेमाल में लाने का काम भी महिलाएं बखूबी कर सकती हैं। इस साल विश्व पर्यावरण दिवस से जुड़ी मुहिम भी प्लास्टिक यूज घटाने और प्लास्टिक के रीयूज-रिसाइकिल को लेकर पब्लिक को अवेयर करना का ही उद्देश्य लिए है। घर-परिवार में प्लास्टिक का यूज कम करने से लेकर रिसाइकिल तक के लिए जागरूक होकर स्त्रियां पर्यावरण की पहरेदार बन सकती हैं। खासकर सिंगल यूज प्लास्टिक प्रोडक्ट्स से दूरी बनाने का कदम बहुत अहम है। यह प्रकृति ही नहीं, परिजनों की सेहत सहेजने के लिए भी जरूरी है। बीते कुछ बरसों में मिट्टी के घड़े से लेकर बच्चों के लकड़ी से बने खिलौनों तक, बहुत कुछ हमसे छूट गया है। प्लास्टिक से बनी चीजों ने जीवन में डेरा जमा लिया है। जबकि बहुत से प्रोडक्ट्स के जरिए आपके अपनों के शरीर में भी प्लास्टिक पहुंच रहा है। पानी, भोजन और हवा में घुले माइक्रोप्लास्टिक हेल्थ प्रॉब्लम्स का कारण बन रहे हैं। इसीलिए डिस्पोजेबल बर्तनों का इस्तेमाल करने से बचें। बच्चों के टिफिन, खिलौने और दूसरे सामान भी लकड़ी, मेटल या मिट्टी के बने खरीदना ही उचित है। घर के कचरे में प्लास्टिक को अलग निकालकर प्लास्टिक रिसाइकिलिंग में मददगार बनने की भी सोचें।

**आयोजनों में दिखाएं समझदारीः** बच्चों की बर्थ-डे पार्टी हो या शादी-ब्याह का पारिवारिक आयोजन, नकली साज-सज्जा वाली चीजों से दूरी बनाएं। सजावट के परंपरागत तौर-तरीकों से परे ऐसे अधिकतर डेकोरेटिव सामान प्लास्टिक से ही बने होते हैं। तकलीफदेह बात यह भी है कि इन प्रोडक्ट्स को रीयूज भी नहीं किया जा सकता। ट्रेडिशनल रंग-ढंग अपनाकर महिलाएं संस्कृति से जुड़ाव रखते हुए प्रकृति के संरक्षण का काम कर सकती हैं। उत्सवीय आयोजनों से जुड़े बदलाव के फ्रंट पर आपका सहज सा कदम एक प्रभावी शुरुआत साबित हो सकता है। प्लास्टिक को खत्म होने में हजारों साल का समय लगता है। कुछ पल की दिखावटी-बनावटी खुशियों के लिए इससे धरती के आंगन को ना पाटें। सामाजिक-पारिवारिक आयोजनों में जड़ों की ओर वापसी करने की राह पकड़ते हुए पत्तल, दोने और कुल्हड़ जैसी चीजों का इस्तेमाल करें। बुनियादी जीवनशैली से जुड़ीं छोटी-छोटी कोशिशों के माध्यम से प्लास्टिक से दूरी बनाना सहज ही संभव होगा। साथ ही घर में उपलब्ध रिसोर्सेज का सही इस्तेमाल करने के लिए दादी-नानी की सीख का साथ लें। संसाधनों को किफायत से इस्तेमाल करना भी पर्यावरण सहेजने से ही जुड़ा है। आम दिन हों या उत्सवीय मौसम, घर की महिलाएं मितव्ययिता की धुरी बन सकती हैं।

**बचाएं प्रकृति के रंगः** पर्यावरण संरक्षण के लिए एक साथ कई मोर्चों पर सजग रहना होगा। प्लास्टिक से दूरी बनाने के साथ ही प्रकृति के रंग बचाए रखने के प्रयास भी जरूरी हैं। अपने परिवेश में हरियाली को पोसना जरूरी है। सब कुछ सहेजने वाली स्त्रियों को पेड़-पौधे लगाने के लिए ही नहीं, बचाने के लिए भी अवेयर होना होगा। हर मौसम में ही प्रदूषण के गुबार से ढंके रहने वाले



परिवेश में घर का छोटा-सा आंगन हो या आस-पड़ोस का कोई गार्डन, हरियाली को बचाए रखने के जतन जरूरी हैं। साथ ही स्वच्छता को लेकर सजग रहना भी आवश्यक है। साझी थाती कही जाने वाली प्रकृति की गोद में अब हवा-पानी हो या मिट्टी, सब कुछ तेजी से पॉल्यूट हो रहा है। चिंतनीय है कि माउंट एवरेस्ट तक पहुंच चुका प्लास्टिक, क्लाइमेट चेंज का भी बड़ा कारण है। ऐसे में प्रकृति संरक्षण के मोर्चे पर अपने-अपने हिस्से की जिम्मेदारी लेनी ही होगी, पर्यावरण हरा-भरा बनाना होगा। कहना गलत नहीं होगा कि समाज-परिवार की धुरी कही जाने वाली स्त्रियां इस जिम्मेदारी के निर्वहन की सबसे अहम कड़ी बन सकती हैं। ❁

### साथी बने थैला

**प्लास्टिक फ्री** जीवन के लिए थैला सबसे अच्छा साथी है। सामान लाने के लिए खुद घर से निकलें या किसी दूसरे सदस्य को भेजें, कपड़े के थैले को साथी जरूर बनाएं। असल में गली-मोहल्ले में सब्जी-भाजी खरीदने की बात हो या मॉल से शॉपिंग करने की, सिंगल यूज प्लास्टिक का एक ढेर हमारे साथ आता है। हर दिन शॉपिंग में साथ आने वाली प्लास्टिक की थैलियां नालियों को जाम कर गंभीर बीमारियों का कारण बनती हैं। यहां-वहां पड़ी प्लास्टिक थैलियों को खा लेना कितने ही जीव-जंतुओं का गला घोंटता है। बेवजह सामानों में लिपट कर साथ आने वाला प्लास्टिक पार्कों, सड़कों और समुद्र तटों को गंदा करता है। इस मोर्चे पर सजग होना आवश्यक है। महिलाएं प्लास्टिक का सीमित इस्तेमाल कर पर्यावरण के बचाव में अपनी भागीदारी निभा सकती हैं। पर्यावरण को प्लास्टिक प्रदूषण से बचाने और पॉलिथिन यूज कम करने के लिए घर से थैला लेकर निकलना बहुत ही सहज पर प्रभावी पहल है। आम-सी बातों पर ध्यान देकर घर के अधिकतर काम-काज संभालने वाली महिलाएं पर्यावरण को पॉलिथिन फ्री बनाने में बड़ा रोल निभा सकती हैं। बाजार जाते समय थैला साथ रखना प्लास्टिक फ्री जीवन के लिए बहुत आम पर खास कदम है।

## बच्चों को बनाएं पर्यावरण प्रेमी

स्वयं ही नहीं, अपने बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना जरूरी है। बचपन से हम उन्हें अपने पर्यावरण से प्रेम करना सिखाएं, इसकी स्वच्छता का महत्व बताएं। बच्चों को यह भी बताएं कि वे पर्यावरण कैसे संरक्षित कर सकते हैं?

बच्चे और आप
**सरस्वती रमेश**



आज जिस तरह विश्व में पर्यावरण की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है, उसके प्रति हर किसी का जागरूक होना जरूरी है, ताकि सभी पर्यावरण संरक्षित करने की दिशा में प्रयासरत रहें, अपनी जिम्मेदारी समझें। लेकिन जब हम इस संदर्भ में बच्चों की बात करते हैं तो यही पाते हैं कि आज के अधिकांश बच्चे मोबाइल, कंप्यूटर, टैब, लैपटॉप और इंटरनेट की दुनिया में उलझे रहते हैं, इससे बाहर निकलना ही नहीं चाहते। दूसरे पढ़ाई के प्रेशर और इस तकनीकी युग ने माहौल ऐसा बना दिया है कि हमारे बच्चे पर्यावरण से कटे हुए हैं। जबकि ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती से जिस तरह दुनिया जूझ रही है, बच्चों का भी पर्यावरण को लेकर जागरूक होना बहुत जरूरी है। अगर पर्यावरण प्रदूषण की बढ़ती समस्याओं के प्रति हमारे बच्चे जागरूक नहीं हुए तो वे भविष्य में इस धरती के पर्यावरण को कैसे बचाएंगे? ऐसे में पैरेंट्स की जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने बच्चों को पर्यावरण से प्रेम करना सिखाएं, इसे संरक्षित करने के लिए प्रेरित करें। यह कैसे संभव है, आप जानें-

**पर्यावरण संरक्षण का मतलब बताएंः** प्रायः हम अपने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का तात्पर्य सिर्फ पेड़-पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना बताते हैं। जबकि पर्यावरण संरक्षण का अर्थ इससे कहीं ज्यादा व्यापक है। धरती पर उपस्थित सभी तरह के जीव-जंतु, नदियां, पहाड़, समुद्र, हवा, पानी, धूप, मिट्टी सभी मिलकर हमारे पर्यावरण का निर्माण करते हैं। इसलिए हमें पृथ्वी की हर चीज को संरक्षित करना होगा। इस पृथ्वी को सभी प्राणियों के लिए जीने योग्य बनाए रखना ही पर्यावरण संरक्षण का असल मतलब है। यह बात बच्चों को भी समझानी चाहिए।

**प्रकृति के साथ तालमेल करना सिखाएंः** सर्वप्रथम तो हम अपने बच्चों को प्रकृति के साथ तालमेल बैठाकर जीना सिखाएं। मतलब ऐसे काम करने से मना करें, जिससे प्रकृति और इसके पर्यावरण को किसी भी रूप में नुकसान पहुंचता है। सिंगल यूज प्लास्टिक आज पूरी दुनिया के लिए चुनौती बना हुआ है, इसलिए प्लास्टिक पन्नी में फल, सब्जी और राशन न लें। इसके बजाय घर से अपना बैग और कंटेनर लेकर जाएं। आपको ऐसा करता देखकर आपका बच्चा भी पर्यावरण से प्रेम करना सीखेगा। इसी तरह गीला और सूखा कचरा अलग रखने की आदत अपने बच्चों में बचपन से ही डालें। इसके लिए घर में दो डस्टबिन रखें। रिसाइकिल होने वाले कचरे को सड़ने-गलने वाले कचरे के साथ मिलाकर न रखें। किचन वेस्ट से अपने बगीचे में या बालकनी में कंपोस्ट खाद बनाएं। यह बेहद आसान है। इसे बनाने से आपके घर से निकलने वाला गीला कचरा कम होगा और आपके घर में लगे पौधों को मुफ्त में खाद भी मिलेगी। इस काम में बच्चों से भी सहयोग लें ताकि वे शुरू से ही वेस्ट मैनेजमेंट के गुर सीखें।

### संसाधनों का समझदारी से इस्तेमाल करना बताएं

**गर्मियों में** लोग एसी का इस्तेमाल खूब करते हैं। अपने बच्चों को एसी का इस्तेमाल कम से कम करने के लिए प्रेरित करें। इसके बजाय यदि कूलर से काम चल सकता है तो उसे चलाने के लिए कहें। बच्चों को समझाएं कि एसी से निकलने वाली हीट से बाहर का वातावरण गर्म होता है, जिससे पक्षी, कीट-पतंगे, जानवरों को सर्वाइव करने में मुश्किल आती है। साथ ही बिजली की ज्यादा खपत होती है। इसी तरह सर्दियों में रूम को गर्म रखने के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के ज्यादा इस्तेमाल से बिजली की खपत ज्यादा होती है, जबकि हम सब जानते हैं कि बिजली पैदा करने के लिए बहुत सारे संसाधनों की जरूरत पड़ती है। इसी तरह अपने बच्चों को कपड़े, जूते, कागज, बैग आदि चीजों का इस्तेमाल तब तक करने को कहें, जब तक कि वे पूरी तरह अनुपयोगी न हो जाएं। जिससे नए सामान खरीदने की जरूरत कम पड़े और पृथ्वी के संसाधनों को बचाया जा सके।

**हमारी सामूहिक जिम्मेदारीः** बच्चे देश का भविष्य होते हैं। जब वे किसी बदलाव का हिस्सा बनते हैं तो उसका प्रभाव जल्द दिखाई देता है। और फिर पर्यावरण संरक्षण किसी अकेले व्यक्ति के वश की बात नहीं है। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें बच्चों को शामिल करना बहुत जरूरी है। सभी अपनी जिम्मेदारी को समझें और अपने स्तर पर अपने आस-पास को साफ-सुथरा, हरा-भरा रखने की कोशिश करें, तभी हमारा पर्यावरण संरक्षित होगा। ❁

लाइफस्टाइल
**रेखा शाह आरबी**

उम्र के किसी भी पड़ाव पर आप अपने आपको अकेला महसूस कर सकती हैं, लाइफ बोरिंग लग सकती है। ऐसी नेगेटिव सोच से उबरिए, इसके लिए कुछ नया करिए।

## कहीं आपको अपनी लाइफ बोरिंग तो नहीं लग रही है



आजकल पहले के जैसे संयुक्त परिवार नहीं रहे, जिसमें दिन भर हंसी-मजाक, ठहाके गूंजते रहते थे। दिन कब पूरे परिवार के साथ हंसते-हंसते बीत जाता, पता ही नहीं चलता था। ये सब अब बीते जमाने की बातें हो गई हैं। अब एकल परिवार का जमाना है। अधिकांश परिवारों में पति-पत्नी और बच्चे, यही पूरा परिवार माना जाता है। कुछ वर्षों के बाद बच्चे भी बाहर दूसरे शहरों में पढ़ने या जॉब के लिए चले जाते हैं, तब महिलाएं घर में बिल्कुल अकेली रह जाती हैं। क्योंकि पति तो पहले ही अपने जॉब या बिजनेस के काम के लिए दिन भर घर से बाहर रहते हैं। जो महिलाएं काम-काजी नहीं हैं, घरेलू हैं, उन्हें अकेलेपन का अहसास बहुत ही शिद्दत से होता है। ऐसे में एक बड़ी समस्या रहती है कि अपना टाइम कैसे पास किया जाए? अकेलेपन से कैसे पार पाएं? लाइफ बहुत बोरिंग लगती है। कुछ महिलाएं तो किसी मानसिक बीमारी की शिकार भी हो जाती हैं। इसलिए जरूरी है, जीवन में कुछ ऐसा करते रहना चाहिए कि जिंदगी खूबसूरत लगे।



**बाहरी नहीं, आंतरिक देखभाल की जरूरतः** जिंदगी को जिंदादिली से जीने के लिए, अपने व्यक्तित्व को निखारने-संवारने के लिए सिर्फ बाहरी ही नहीं, आंतरिक देखभाल की भी जरूरत होती है। इसके लिए कुछ प्रयास करने पड़ते हैं। अपने भीतर नई ऊर्जा भरने के लिए जरूरी है, हम अपने रूटीन से हटकर कुछ नई एक्टिविटीज से जुड़ें, ताकि जिंदगी बोरिंग न लगे। कहने का यह मतलब है कि जब भी आपको ऐसा लगे कि जीवन एक ही ढर्रे पर चल रहा है, लाइफ बोरिंग हो गई है तो अपने भीतर नई उमंग जगाने के लिए अपनी रुचि के अनुसार अपने जीवन में कुछ बदलाव लाएं। इस दिशा में एक्टिव हों।

**किताबों से करें दोस्तीः** उम्र कोई भी हो, जब किसी व्यक्ति को उसकी रुचि के अनुसार कोई किताब मिल जाती है तो वह उसमें डूब जाता है। हमारी सबसे अच्छी दोस्त किताबें होती हैं। किताबों का साथ हमेशा ही हमारे व्यक्तित्व को निखारने में सहायक होता है। किताबें हमारे एकांत की अच्छी साथी बन जाती हैं, बोरियत दूर करती है, व्यक्ति को जीवंत बनाती हैं। साथ ही किताबें एक बौद्धिक संतुष्टि भी देती हैं।

**समाज सेवाः** खाली समय में समाज सेवा करना, समय का सबसे अच्छा सदुपयोग है। अपने आस-पास किसी समाजसेवी संस्था को अपना सहयोग दीजिए, इससे आपका मन प्रफुल्लित होगा। किसी की निस्वार्थ सहायता करना, मन को एक अलग तरह की अनुभूति देता है, एक सुकून मिलता है। इससे भी एक बहुत अच्छा काम है, छोटे-छोटे बच्चों को पढ़ाना। बच्चों के साथ कब आपका समय क्वालिटी टाइम में बदल जाएगा, आपको पता भी नहीं चलेगा। इससे आपको मानसिक संतुष्टि तो मिलेगी ही, साथ ही छोटे-छोटे बच्चों की मासूमियत, शरारत आपको नई ऊर्जा से भर देगी।

**बागवानी कीजिएः** यदि आपके घर में जगह है तो आप गार्डनिंग करें। तरह-तरह के फूलों वाले पौधे लगाकर आपको एक अलग ही ऊर्जा और ताजगी मिलेगी। गार्डनिंग करके आप अपने आपको व्यस्त और स्वस्थ रख सकती हैं।

**खुद को दें नया लुकः** आप अपने आप को नया लुक देकर भी एक खुशी हासिल कर सकती हैं। इसके लिए आप पार्लर की मदद ले सकती हैं। अपना मेकओवर देखकर सिर्फ आपको ही नहीं, आपके चाहने वालों को भी खुशी होगी। यह खुशी आपको ऊर्जावान बनाएगी। इससे आप नया करने को प्रेरित होंगी। ❁

ट्रेंड
**सरिता गुप्ता**

## समर सीजन में बनाएं यूनिक हेयर स्टाइल

गर्मी के मौसम में सही ड्रेसअप सेलेक्ट करने के साथ ही मैचिंग और कंफर्टेबल हेयर स्टाइल चूज करना थोड़ा टफ होता है। ऐसे में आप यहां पर बताए जा रहे कुछ ट्रेंडी हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं।

**हाफ हेयर बन स्टाइलः** अगर आप कॉलेज गोइंग गर्ल हैं या ऑफिस जाती हैं तो यह हेयर स्टाइल आपके लिए परफेक्ट है। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए पहले बालों को ट्विस्ट देकर हाफ हेयर करके उसे रबड़ बैंड से हाफ बन लुक दे सकती हैं, फिर उस पर फंकी रबड़ बैंड ऊपर से लगा लें।



**साइड फ्रेंच बन हेयर स्टाइल :** समर पार्टी में जाने के लिए आप साइड फ्रेंच बन हेयर स्टाइल ट्राई कर सकती हैं। इस सीजन के लिए यह एक परफेक्ट ऑप्शन है। आप इस हेयर स्टाइल को गाउन या शॉर्ट ड्रेस के साथ पेयर अप कर सकती हैं। आप इसके साइड से टेल पर बीड्स भी लगा सकती हैं। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए सबसे पहले साइड से फ्रेंच ब्रेड बनाएं और फिर सभी बालों को फोल्ड करते हुए पिन की मदद से सेट करें। अब फ्रंट में लगी छोटी-छोटी फ्लिक्स निकाल लें। साइड फ्रेंच बन हेयर स्टाइल बनने के बाद बहुत अच्छा लगता है।



**रबड़ बैंड ट्विस्ट ब्रेड स्टाइलः** आप रबड़ बैंड से एक यूनिक हेयर स्टाइल बना सकती हैं। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए आपको काफी सारी रबड़ बैंड्स की जरूरत होगी। सबसे पहले नॉर्मल पोनी बनाएं और फिर थोड़ी-थोड़ी दूरी पर रबड़ बैंड लगाएं और बालों को बीच से लूज करती जाएं। इससे आप सिंपल ब्रेड से खुद को स्टाइलिश लुक दे सकती हैं। टॉप के साथ स्कर्ट या जींस कैरी करने पर ऐसी हेयर स्टाइल कूल लुक देती है।

**हेड बैंड और स्कार्फः** गर्मियों में जब बाल चेहरे पर आते हैं तो बहुत चुभने लगते हैं और इरिटेट भी करते हैं। ऐसे में आप हेड बैंड और स्कार्फ का भी यूज कर सकती हैं। एक ऐसे स्टाइलिश हेड बैंड का यूज करें, जो बालों को चेहरे से दूर रखे और स्टाइलिश लुक दे। इसके अलावा स्कार्फ का यूज बालों को बांधने या सजाने के लिए भी आप कर सकती हैं।



**तरह-तरह के बनः** आप कई तरह के हेयर बन बनाकर बालों को स्टाइल दे सकती हैं। बन बनाने के भी कई तरीके होते हैं, इनमें टॉप नॉट, मेस्सी बन, हाई बन और लो बन शामिल हैं। यह कैजुअल और फॉर्मल दोनों अवसरों के लिए सही होता है। ❁

**(हेयर स्टाइलिस्ट मेघा शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

मेडिकल सजेशन
**डॉ. विनय अग्रवाल**
ऑर्थोपेडिक सर्जन-स्पोर्ट्स इंजरी
कैलाश हॉस्पिटल, नोएडा

बढ़ती उम्र में और खासतौर पर मेनोपॉज के बाद महिलाओं में ऑस्टियोपोरोसिस होने का रिस्क बढ़ जाता है। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि आप अपनी लाइफस्टाइल और डाइट का पूरा ध्यान रखें। इस बारे में आपके लिए बहुत यूजफुल सजेशन।

## बोंस को बनाएं स्ट्रॉन्ग नहीं होगा ऑस्टियोपोरोसिस

ऑस्टियोपोरोसिस, हड्डियों की एक ऐसी बीमारी है, जो खासतौर से महिलाओं में होती है। इसके कारण हड्डियां कमजोर हो जाती हैं।

**रोग के कारणः** पीरियड्स बंद होने के बाद यानी मेनोपॉज के बाद महिलाओं में इस बीमारी के होने का रिस्क अधिक बढ़ जाता है। जब हमारे शरीर में विटामिन डी और कैल्शियम का स्तर कम हो जाता है तो यह रोग हो सकता है। इससे बोंस में फ्रेक्चर होने की आशंका बढ़ जाती है।

**बरतें सावधानीः** मेनोपॉज यानी पीरियड्स बंद होने के बाद महिलाओं को हेल्थ पर अधिक ध्यान देना चाहिए, क्योंकि इस दौरान मसल्स और बोंस कमजोर हो जाती हैं और फ्रेक्चर होने का रिस्क बढ़ जाता है। इसलिए इसे लेकर लापरवाही न बरतें। जब पीरियड्स बंद हो जाएं तो कैल्शियम और विटामिन डी का स्तर कम हो जाता है और हार्मोन का प्रवाह भी कम हो जाता है। इसलिए रोज समय निकालकर धूप में कुछ देर जरूर बैठें, जिससे आपके शरीर में जरूरी विटामिन डी बनेगा। थायरॉयड प्रॉब्लम से भी इस रोग के होने का रिस्क बढ़ता है, इसलिए अगर मां या पिता में किसी को थायरॉइड की प्रॉब्लम है तो आपको थायरॉइड होने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए अपने थायरॉइड का नियमित रूप से चेकअप कराती रहें।



**नियमित एक्सरसाइजः**ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव के लिए एक्सरसाइज करना बेहद जरूरी होता है। इससे मसल्स और मेटाबॉलिज्म मजबूत होता है। हड्डियों में कैल्शियम और मिनरल का स्तर बढ़ता है। इसलिए रोज एक्सरसाइज करना बोंस हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इससे न केवल ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव होगा, बल्कि अगर यह हो भी गया हो तो उसमें राहत के लिए भी एक्सरसाइज करना फायदेमंद होता है। इसके लिए ट्रेडमिल पर वॉकिंग, जंपिंग, स्किपिंग, लोडिंग और क्रॉस ट्रेनिंग आदि कर सकती हैं।

**रहें एक्टिवः** महिलाओं को शुरू से ही अपनी लाइफस्टाइल को लेकर बहुत ही सजग रहना चाहिए। उन्हें नियमित रूप से अच्छी डाइट और एक्सरसाइज को अपनाना चाहिए, क्योंकि इनके जरिए ही आप ऑस्टियोपोरोसिस से खुद को दूर रख सकती हैं। ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव के लिए हमारी लाइफस्टाइल का बड़ा रोल होता है।

**वजन को नियंत्रित रखेंः** महिलाओं को अपने वजन को नियंत्रित रखने के लिए बहुत ध्यान देना चाहिए, क्योंकि जब हमारा वजन नियंत्रित नहीं रहता है तो अनेक तरह की बीमारियां हो सकती हैं। ❁



### लें हेल्दी डाइट

**हेल्दी बोंस** के लिए रेग्युलर बैलेंस डाइट लेना बेहद जरूरी होता है। आपकी डाइट में ज्वार, बाजरा, कोदो, गेंहू और रागी जरूर होना चाहिए, क्योंकि यह हमारे बोंस के लिए बहुत ही अच्छा होता है। सब्जियों में खासतौर से सीताफल खाना फायदेमंद है। ड्राय फ्रूट्स में पिस्ता, बादाम जरूर खाएं क्योंकि इनमें कैल्शियम काफी मात्रा में रहता है। इसके अलावा दूध पीना भी सेहत के लिए अच्छा रहता है। जहां तक हो सके फ्राइड फूड्स से परहेज करना चाहिए। आलू में कार्बोहाइड्रेट अधिक होता है। इसलिए हड्डियों की बनावट और मजबूती देने में इसका रोल अधिक नहीं होता है।

**प्रस्तुतिः संध्या रानी**

**खबर संक्षेप**

### राजेंद्र अग्रवाल बने अणुव्रत समिति के अध्यक्ष

**हिसार।** अणुव्रत समिति की आम सभा अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में कटला रामलीला स्थित तेरापंथ भवन में हुई। इसमें अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने पिछले दो सालों का आय-व्यय का हिसाब-किताब दिया गया तथा दो साल के दौरान किए गए कार्यों का ब्यौरा मंत्री दर्शन लाल शर्मा ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विनोद जैन द्वारा नमोकार मंत्र व अुणव्रत गीत से शुरू किया गया। बैठक में 2025-2027 के लिए नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव अधिकारी अशोक गांधी के निर्देशन में समिति का चुनाव करवाया गया।

### कैदियों ने लिया नशा न करने का संकल्प

**हिसार।** आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2025 के सफल आयोजन की दिशा में केंद्रीय कारागार हिसार-1 एवं हिसार-2 में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. धर्मपाल पूनिया, योग समन्वयक डॉ. बलराज तथा योग विशेषज्ञ पूजा ने तैयार की। योग विशेषज्ञों ने बताया कि केंद्रीय कारागार हिसार-1 में एक साथ 500 से अधिक तथा केंद्रीय कारागार हिसार-2 में लगभग 400 कैदियों ने योग सत्र में भाग लिया। इस दौरान कैदियों को स्वयं नशा न करने तथा दूसरों को भी न करने देने का संकल्प दिलाया गया तथा नियमित योगाभ्यास से होने वाले लाभों के प्रति जागरूक किया गया।

## पुलिस ने महिलाओं को पहुंचाया सुरक्षित घर

# हांसी में पांच महिलाओं ने उठाया ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा का लाभ

सेवा का लाभ उठाने के लिए महिलाएं 112 पर कॉल कर वेब आधारित फॉर्म के माध्यम से अपनी यात्रा का पंजीकरण करवाए


एसपी अमित यशवर्धन

- 5-5 मिनट अंतराल पर महिलाओं की परिजनों से बात कराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हरियाणा पुलिस की ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा, महिलाओं को हरियाणा 112 से जोड़कर उनकी यात्रा को सुरक्षित करने में सक्षम बनाएगी। इस सेवा का लाभ उठाने के लिए महिलाओं को 112 पर कॉल कर वेब आधारित फॉर्म के माध्यम से अपनी यात्रा का पंजीकरण करवाए। पंजीकरण फॉर्म का लिंक आवेदक को एसएमएस के माध्यम से भेजा जाएगा। आवेदक को पंजीकरण फॉर्म में यात्रा विवरण के साथ साथ आपातकालीन नंबर भी भरना होगा। पुलिस अधीक्षक हांसी अमित यशवर्धन ने कहा कि यात्री की निगरानी हरियाणा 112 द्वारा हर आधे घंटे के उपरांत आवेदक को कॉल करके की जाएगी। आपातकालीन स्थिति में आवश्यक सहायता के लिए निकटतम ईआरवी को भेजा जाएगा व यात्री द्वारा साझा किए गए आपातकालीन नंबर पर भी संपर्क किया जाएगा।

### लोहारी राघो की दो महिलाओं को पहुंचाया घर

पुलिस ने 28 मई की रात 1 बजकर 24 मिनट पर बस स्टैण्ड हांसी से अपने गांव लोहारी राघो जाने के लिए बस स्टैंड हांसी से कोई भी साधन नहीं मिला तो महिलाओं ने हरियाणा पुलिस की ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा 112 का लाभ उठाया, हांसी पुलिस की ईआरवी 307 ने महिलाओं को सुरक्षित उनके घर तक पहुंचाया, ईआरवी स्टाफ ने जब तक दोनों महिलाएं अपने घर नही पहुंची इस दौरान पुलिस ने रास्ते में 5-5 मिनट अंतराल पर महिलाओं के परिजनों से टेलिफोन माध्यम से बात करवाई। वहीं इसी तरह महिला ईआरवी हांसी पुलिस ने 7 मार्च को रात 8 बजकर 9 मिनट पर एक महिला को बस स्टैण्ड हांसी से बवानी खेड़ा सुरक्षित ईआरवी 310 जिला भिवानी के पास छोड़ा। वहीं महिला ईआरवी हांसी पुलिस ने दो और महिलाओं को उनके घर तक सुरक्षित पहुंचाया। अपने घर पर पहुंचने के उपरांत सभी महिलाओं ने हरियाणा पुलिस सेवा 112 का धन्यवाद किया।


**हांसी।** लोहारी राघो में सुरक्षित घर पहुंचने वाली महिलाएं ईआरवी पुलिस के साथ।

**20 हॉट स्पॉट व 02 हॉट रूट किए चिन्हित**

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बताया कि पुलिस जिला हांसी में महिला सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। महिला सुरक्षा को लेकर संवेदनशील 20 स्थानों को हॉट स्पॉट चिन्हित किए गए है साथ ही 2 हॉट रूट भी चिन्हित किए है। जहां पर लगातार पुलिस की गश्त और महिला पुलिस कर्मियों द्वारा निगरानी की जा रही है। पुलिस की महिला सुरक्षा समर्पित टीम महिलाओ और छात्राओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति लगातार जागरूक कर रही है। साथ ही पब्लिक ट्रांसपोर्ट में भी निगरानी जारी है। पुलिस ने सेफ सिटी कैंपेन के तहत शहर में चलने वालो ऑटो रिक्शा पर यूनिक आईडी स्टीकर भी लगाए है। जो प्रकिया जारी है।

# मेयर की मौजूदगी में अधिकारियों व कर्मचारियों ने ली स्वच्छता की शपथ

- 21 जून तक चलेगा स्वच्छता पखवाड़ा, प्रतिदिन होंगे स्वच्छता से सम्बन्धित कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नगर निगम प्रशासन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़े आयोजित करेगा। इस दौरान निगम प्रशासन 21 जून तक स्वच्छता को लेकर शहर में कार्यक्रमों करेगा। इसी को लेकर सोमवार को नगर निगम के मुख्य सभागार में मेयर प्रवीण पोपली की अध्यक्षता में नगर निगम अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ ली। इस दौरान निगमायुक्त नीरज, अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल सिंह, एक्सईएन जयबीर डूडी, एक्सईएन अमित कौशिक सहित सभी शाखाओं के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। स्वच्छता की शपथ के दौरान मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि इंटरनेशनल योगा दिवस के उपलक्ष्य में 1 जून से 21 जून के बीच स्वच्छता पखवाड़ा लगाया जा रहा है। इसमें प्रतिदिन के गतिविधियों का अमल में लाना नगर निगम के प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी की जिम्मेदारी है। हिसार शहर को साफ-सुंदर बनाने के लिए हमें अपने आस-पास के क्षेत्र की सफाई करना और सफाई के प्रति दूसरों को जागरूक करना और शुरुआत खुद से अपने घर से करनी होगी।


**हिसार।** निगम अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाते मेयर प्रवीण पोपली।

# नेत्र जांच शिविर : 70 लोगों की जांच और 15 बुजुर्गों के किए फ्री ऑपरेशन

- स्वर्गीय माता हरबंस कौर की पुण्यतिथि पर किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

स्वर्गीय माता हरबंस कौर की छठी पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में चौ. फकीरचंद फतेहचंद मानव कल्याण समिति ट्रस्ट द्वारा दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में विशाल निशुल्क नेत्र जांच शिविर व आंखों के सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन शिविर का प्रथम चरण आयोजित किया गया। इस शिविर में दिव्यांग केंद्र के प्रशिक्षित व अनुभवी चिकित्सकों ने 70 लोगों की निशुल्क नेत्र जांच की और 15 बुजुर्गों की आंखों के निशुल्क ऑपरेशन किए गए। इसके साथ ही यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई गई।

इस दौरान समाजसेवी अनिल महता व उनके पारिवारिक सदस्य, दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन, कोषाध्यक्ष जगमोहन जिंदल, ईश्वर गोयल बड़ोपलिया, राधेश्याम सिंगल, ऋषिराज बुड़ाकिया, अमर गोयल, अजय सिंगला, अशोक तिलकधारी, सुमित मित्तल व जितेंद्र अग्रवाल सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


**हिसार।** दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में नेत्र ऑपरेशन के उपरांत उपस्थित अतिथिगण, चिकित्सक व स्टाफ सदस्य।

# वेस्ट चीजों का प्रयोग करके बनाई सुंदर कलाकृतियां

- मेयर पोपली ने किया वेस्ट से बेस्ट समर कैंप का शुभारंभ
- कार्यक्रम में 35 प्रतिभागियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नगर निगम के द्वारा अर्बन एस्टेट 2 के कम्युनिटी सेंटर में वेस्ट टू बेस्ट पर समर कैम्प का शुभारंभ सोमवार को मेयर प्रवीण पोपली ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, सचिव राहुल सैनी, पार्षद संजय डालमिया, सीएसआई राजकुमार, तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुण्डू, सीटीएल प्रदीप जाखड़, रवि सिंधवानी मौजूद रहे। समर कैम्प का शुभारम्भ करते हुए मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि वेस्ट से बेस्ट की अच्छा प्रयास है कि जिससे आप और आपके बच्चे घरों की वेस्ट चीजों का प्रयोग करें कुछ नया उपयोगी बना सकते है। समर कैंप 2 से 6 जून तक चलेगा। वेस्ट टू बेस्ट समर कैम्प में 35 प्रतिभागियों ने भाग लेकर घरों की वेस्ट चीजों का प्रयोग करके जरूरत की चीजों को बनाया व बनाना सिखा। समर कैम्प में मेयर प्रवीण पोपली व अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल ने बच्चों के साथसुन्दर कलाकृति बनाने में मदद की।


**हिसार।** वेस्ट चीजों के प्रयोग से बनाई सुन्दर कलाकृतियां का अवलोकन करते मेयर प्रवीण पोपली।

*ओपी जिंदल ज्ञान केंद्र में कार्यक्रम का आयोजन*

# रंगोत्सव में पुराने अखबारों का उपयोग कर दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

ओपी जिंदल ज्ञान केंद्र में चल रहे 'रंगोत्सव 2025' निःशुल्क समर कैंप में सोमवार को अनोखी गतिविधि के तहत बच्चों ने पुराने अखबारों का उपयोग करते हुए अपनी कला के माध्यम से सामाजिक संदेश दिए। यह पहल आकार वेलफेयर सोसाइटी द्वारा की गई जिसका उद्देश्य बच्चों को समाजिक मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनाना और उनकी रचनात्मक क्षमता को जागृत करना है। इस गतिविधि में बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा का अधिकार, महिला सशक्तिकरण, बाल श्रम और स्वच्छता जैसे अहम विषयों को केंद्र में रखते हुए अपने-अपने पोस्टर, कोलाज और कलाकृतियां बनाईं। कला के इन रंगों में जहां रचनात्मकता की झलक थी, वहीं समाज को जागरूक करने का गूढ़ संदेश भी था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गवर्नमेंट कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. विवेक सैनी ने कहा कि सोसायटी का प्रयास केवल कला सिखाना नहीं है बल्कि बच्चों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जगाना भी है। ये बच्चे आने वाले समय में परिवर्तन के वाहक बन सकते हैं। कला एक शक्तिशाली माध्यम है जो न केवल भावनाएं व्यक्त करता है बल्कि बदलाव की दिशा भी तय करता है।


**हिसार।** मुख्य अतिथि प्रिंसिपल डॉ. विवेक सैनी को कला कृति भेंट करते सोसायटी के पदाधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

# हर स्वस्थ व्यक्ति को करना चाहिए रक्तदान : चेयरमैन

- गायत्री विद्या मन्दिर में लगाया रक्तदान शिविर
- शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ पवन कुमार ने की मुख्यातिथि के रूप में शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

कृष्णा कॉलोनी स्थित गायत्री विद्या मन्दिर में सोमवार को पहली बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर आतंकी हमले में हुए शहीदों आप्रेशन सिन्दूर' देश की सेना को समर्पित था। रक्तदान शिविर का शुभारम्भ हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के चेयरमैन डॉ. पवन ने किया। इस अवसर चेयरमैन डॉ पवन ने कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। विद्यालय के निदेशक राजकुमार अत्री ने आये हुए अतिथिगण का स्वागत किया।

इस अवसर हमारा परिवार हांसी इकाई के प्रमुख प्रधान प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन रविन्द्र अत्री और इकाई सह प्रमुख पवन पूनिया कार्यक्रम के आयोजक थे। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य साधुराम जाखड़ ने कार्यक्रम में पहुंच कर सभी रक्तदाताओं का हौंसला अफजाई की।


**हांसी।** मुख्य अतिथि डॉ पवन कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट करते गायत्री विद्या मंदिर के प्राचार्य रविन्द्र अत्री व अन्य।

# सच्चे भगत के लिए गुरु का उपदेश होता है कीमती : संजीव कुमार

- गुरु चरणों की सेवा बड़ी चीज है... पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

तरसेम नगर स्थित बाबा बालकनाथ एवं दुर्गा माता मंदिर में भगत संजीव कुमार जी के नेतृत्व में बाबा बालकनाथ जी की विशाल चौंकी लगाई गई। सत्संग से पहले भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के मुख्य सेवक रामचरण गुप्ता ने शुकर है बाबा जी जो तूने हमें बुलाया...की प्रस्तुति देकर साध संगत की ओर से भगत संजीव कुमार जी का स्वागत किया।

साध संगत को प्रवचन देते हुए भगत संजीव कुमार ने कहा कि ठीक है कि पैसे के बिना गुजारा नहीं होता लेकिन यदि हम सच्चाई और नेकी के मार्ग पर चलते हुए गुरु के उपदेशों को मन में धारण कर लें तो हमें पैसे के पीछे नहीं बल्कि पैसा हमारे पीछे दौड़ेगा। जितनी जरूरी माया है, उतनी जरूरी गुरुओं का सत्संग भी जरूरी है। भगत संजीव कुमार ने कहा कि जिस प्रकार कारोबारी के लिए पैसा कीमती है, नशेड़ी को नशा ही कीमती दिखाई देता है और सच्चे भगत के लिए गुरु का उपदेश कीमती होता है। भगत संजीव कुमार ने कहा कि सच्चा भगत सेवा करके भी अपने गुरुओं को हाथ जोडक़र यही कहता है कि गुरुजी मैंने कुछ नहीं किया है जो किया आपने ही किया है।



**हिसार।** बाबा बालकनाथ एवं दुर्गा माता मंदिर में प्रवचन देते भगत संजीव कुमार व उपस्थित श्रद्धालुगण।



**हिसार।** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड प्राप्त करते हुए।

### हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति लाइफ टाइम एचिवमेंट अवार्ड से सम्मानित

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज को कृषि अनुसंधान, शिक्षा एवं विस्तार के क्षेत्र में दिए गए असाधारण योगदान के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड आफ़ मोबिलाइजेशन से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान सोसायटी फॉर कम्युनिटी मोबिलाइजेशन फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट एवं नेशनल हॉर्टिकल्चर बोर्ड (एनएचबी) भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 12वीं राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय इंफाल में प्रदान किया गया। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य भविष्य की कृषि तकनीक, स्थिरता और विकास रखा गया था। कुलपति प्रोफेसर कम्बोज को यह सम्मान समाज और कृषि क्षेत्र में सतत विकास के लिए की गई उल्लेखनीय सेवाओं के लिए प्रदान किया गया। प्रो. कम्बोज 16 अप्रैल 2021 को विश्वविद्यालय के कुलपति नियुक्त हुए थे और हाल ही में उन्हें दूसरी टर्म प्रदान की गई है। इससे पूर्व प्रो. कम्बोज हकृवि के कुलसचिव भी रह चुके हैं।

# आकाश हिसार के लक्षित ने जेईई एडवांस्ड में पाई एआईआर 227

- 7 छात्रों ने परीक्षा में सफलता अर्जित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने घोषणा की कि उसके हिसार केंद्र के 17 छात्रों ने प्रतिष्ठित जेईई एडवांस्ड 2025 परीक्षा में सफलता अर्जित की है, जिसे इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में सबसे कठिन माना जाता है। यह परिणाम आईआईटी कानपूर द्वारा जारी किए गए। इस उत्कृष्ट उपलब्धि ने छात्रों की मेहनत, समर्पण और आकाश के अनुभवी शिक्षकों द्वारा उपलब्ध कराई गई मजबूत अकादमिक सहायता और व्यापक पाठ्यक्रम की प्रभावशीलता को उजागर किया है। यह जानकारी देते हुए आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के रीजनल डायरेक्टर, डॉ. सुरेंद्र चौहान ने बताया कि इन उपलब्धियों की अगुवाई की है लक्षित ने, जिन्होंने अखिल भारतीय रैंक (एआईआर 227) प्राप्त कर शीर्ष रैंक धारकों में जगह बनाई। शहर के अन्य प्रमुख प्रदर्शनकर्ताओं में अभिसार (एआईआर 1066), हिमेश (एआईआर2704), हर्ष (एआईआर5516), भाव्या गर्ग (एआईआर5747) और अंकिता (एआईआर 7459) शामिल हैं। ये सभी छात्र आकाश के कक्षा कार्यक्रम का हिस्सा थे, जिसे विशेष रूप से जेईई एडवांस्ड परीक्षा की तैयारी के लिए तैयार किया गया था। इस दौरान मौके पर अव्वल आने वाले छात्रों को सम्मानित किया और लड्डू बांटकर छात्रों खुशियां मनाई।


**हिसार।** शानदार परिणाम लेने पर खुशी मनाते संस्थान के पदाधिकारी व विद्यार्थी।

## यदुवंशी शिक्षा निकेतन में ग्रीष्मकालीन कैंप का आयोजन

# बच्चो ने मनोरंजक गतिविधियां और वाटर पार्क की सैर का उठाया आनंद

- समर कैंप हमारे इस दृष्टिकोण का जीवंत उदाहरण : चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

यदुवंशी शिक्षा निकेतन में सोमवार से सात दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। स्कूल प्राचार्य सुनील कुमार ने बताया कि यदुवंशी शिक्षा निकेतन शिक्षा के साथ-साथ हमेशा ही अन्य क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान विद्यालय में एक रचनात्मक एवं प्रेरणादायक समर कैंप का आयोजन कर एक अनुकरणीय पहल की है।

विद्यालय का यह समर कैंप छात्रों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास, नेतृत्व और सामाजिक कौशल के विकास हेतु विभिन्न विविध गतिविधियों से भरपूर है। इन गतिविधियों में प्रमुख आकर्षण का केंद्र कथा वाचन, इंग्लिश स्पीकिंग, चित्र एवं पेंटिंग बनाना, नृत्य कक्षाएं, गायन एवं वाद्य यंत्र बजाना, मनोरंजक गतिविधियाँ, इनडोर एवं आउटडोर खेल, वाटर पार्क की सैर आदि रही। इन गतिविधियों में बच्चों की सहभागिता उत्साहजनक रही। सभी प्रतिभागी विद्यार्थी पूरे जोश, उमंग और आत्मविश्वास के साथ हिस्सा ले रहे हैं। इस अवसर पर यदुवंशी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक एवं चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को सिर्फ अकादमिक रूप से नहीं, बल्कि नैतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक रूप से भी सशक्त बनाना है। समर कैंप हमारे इस दृष्टिकोण का जीवंत उदाहरण है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने कहा कि हर बच्चा विशेष होता है। सही वातावरण और प्रेरणा मिलने पर वे असाधारण ऊंचाइयों को छू सकते हैं। समर कैंप बच्चों को अपने भीतर छिपी प्रतिभाओं को पहचानने और निखारने का मंच प्रदान करता है।



**हांसी।** समर कैंप में भाग लेने वाले विद्यार्थी स्कूल प्राचार्य सुनील कुमार व अध्यापकों के साथ।


जेईई एडवांस परीक्षा पास करने वाले छात्र विनीत।

### जेईई एडवांस्ड परीक्षा उत्तीर्ण करने पर विनीत का सम्मान

इस अवसर जेईई एडवांस्ड परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय, अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले छात्र विनीत को सम्मानित किया गया। यदुवंशी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक एवं चेयरमैन राव बहादुर सिंह एवं प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने विनीत को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### एसडीएम कार्यालय के समक्ष दिया सांकेतिक धरना

**बरवाला।** विभिन्न जनसंगठनों के प्रतिनिधियों ने एसडीएम कार्यालय के समक्ष एक दिन का सांकेतिक धरना दिया और अपनी मांगों का ज्ञापन एसडीएम वेद प्रकाश को सौपा है। इस मौके पर ऑल इंडिया अंबेडकर राइट संघर्ष समिति के प्रदेश ऑर्डिनेटर राजेश मेहंदिया, रोहतास राजली, ऋषिकेश राजली, रामफल बौद्ध, वीरेंद्र भानखोड़, बलबीर वर्मा, मास्टर रोहताश व कामरेड दिलबाग बरवाला आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, संतराम उर्फ संतलाल पुत्र श्री श्रीचन्द निवासी म. नं. 922, वार्ड नं. 16, महावीर कॉलोनी, हिसार, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी पुत्री उषा रानी व दामाद रोहताश कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### दवा प्रतिनिधि संगठन ने मेयर को गिनाई समस्याएं

**हिसार।** हरियाणा दवा प्रतिनिधि संगठन की मासिक आम सभा का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मेयर प्रवीण पोपली ने शिरकत की। संगठन के प्रधान राजबीर डूडी तथा महासचिव रोहितास शर्मा ने व्यवसाय व कार्यस्थल से सम्बन्धित समस्याओं के सम्बन्ध में अवगत करवाया। मेयर ने उन समस्याओं पर चर्चा की और उनका जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर दीपक सिंह, सुरेन्द्र मावलिया, नवदीन गांधी, प्रमोद धत्तरवाल, अमन भारद्वाज, विकास, हरदीप, प्रदीप नागपाल, अमित भुटानी, राजेश पूनिया व अन्य मौजूद थे।

### योगेश वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए चयनित

**बरवाला।** यूपी के मेरठ में आयोजित कून बोकाटर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में दयानंद पब्लिक स्कूल बरवाला के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए स्कूल के खिलाड़ियों ने इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में पांच गोल्ड मेडल जीतकर नया इतिहास रचा। स्कूल के कोच राकेश और प्रबंधक संदीप भनवाला ने बताया कि गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों में योगेश, चिराग, आदित्य, आयन और अंकित शामिल हैं। विशेष रूप से योगेश की उपलब्धि ने सभी का ध्यान खींचा, उसका चयन अब आगामी वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए हुआ है।

### समाधान शिविर में डीसी ने सुनी शिकायत

**हिसार।** जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त अनीश यादव ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर समाधान किया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे, जिन्होंने परिवार पहचान पत्र, पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड, भूमि पंजीकरण, स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा से संबंधित मुद्दों पर उपायुक्त के समक्ष अपनी शिकायते रखीं। इस पर उपायुक्त अनीश यादव ने कई मामलों में तत्काल समाधान की प्रक्रिया शुरू करवाई और अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे हर समस्या का संवेदनशीलता से संज्ञान लें और शीघ्र समाधान करना सुनिश्चित करें।

### जयपुर-हिसार रेलसेवा का बवानीखेड़ा में होगा ठहराव

**हिसार।** रेलवे के द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए जयपुर-हिसार प्रतिदिन रेलसेवा का प्रायोगिक आधार पर आगामी आदेशों तक बवानीखेडा स्टेशन पर ठहराव साथ ही मार्ग के हांसी व सातरोड स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 14716, जयपुर-हिसार प्रतिदिन रेलसेवा जो 4 जून से जयपुर से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा बवानीखेडा स्टेशन पर 02.11 बजे आगमन व 02.13 बजे प्रस्थान करेगी। साथ ही यह रेलसेवा मार्ग के हांसी स्टेशन पर संचालन समय 02.21 बजे आगमन व 02.23 बजे प्रस्थान के स्थान पर परिवर्तित समय 02.28 बजे आगमन व 02.30 बजे प्रस्थान एंव सातरोड स्टेशन पर संचालन समय 02.35 बजे आगमन व 02.37 बजे प्रस्थान के स्थान पर परिवर्तित समय 02.42 बजे आगमन व 02.44 बजे प्रस्थान करेगी।

### नवनिर्वाचित प्रधान ने पूर्व मंत्री से मुलाकात की

**हिसार।** ऋषि नगर स्थित श्मशान भूमि सुधार समिति के नव-निर्वाचित प्रधान सुभाष सैनी का सोमवार को शहर के प्रबुद्ध नागरिकों व गणमान्य व्यक्तियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर वे अपने समर्थकों सहित पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता से मुलाकात करने उनके निवास पर पहुंचे। डॉ. गुप्ता ने सुभाष सैनी को समिति का प्रधान बनने पर बधाई देते हुए कहा कि सुभाष सैनी समाजसेवा के क्षेत्र में सदैव सक्रिय और समर्पित रहे हैं। इस अवसर पर देवेंद्र सैनी, सुरेश गोयल धूप वाला, कृष्ण बिश्नोई, लोकेश असीजा, सतीश सोनी, पार्षद हरि सिंह सैनी, राजेंद्र ढाका, अनिल गोदारा, विजय नागपाल, सुनील चाय पत्ती, मनोज बुडाकिया अनेक नागरिक मौजूद रहे।

# राजकीय महाविद्यालय बरवाला में स्नातक कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया शुरू, बीबीए कोर्स की भी शुरुआत

## बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर बनाएं करिरयर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला

राजकीय महाविद्यालय बरवाला में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक कक्षाओं में प्रवेश की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। बी.ए., बी.कॉम, बी.एससी (नॉन-मेडिकल) तथा इस वर्ष से शुरू किए गए बीबीए पाठ्यक्रमों में प्रथम वर्ष में दाखिले के लिए छात्र-छात्राएं 9 जून 2025 तक हरियाणा उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस वर्ष से राजकीय महाविद्यालय बरवाला में बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन पाठ्यक्रम की शुरुआत की गई है, जो व्यापार एवं प्रबंधन क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है।

### ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 9 जून

राजकीय महाविद्यालय बरवाला के प्रभारी पंकज रहेजा ने बताया कि अब तक काफी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं और विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से समय पर आवेदन करने की अपील की है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 9 जून 2025 है और प्रथम मेरिट सूची का प्रकाशन 19 जून 2025 को होगा तथा द्वितीय मेरिट सूची का प्रकाशन 26 जून 2025 को होगा।

### विभिन्न पाठ्यक्रमों सीटों की स्थिति

| पाठ्यक्रम | कुल सीटें | प्राप्त आवेदन |
|---|---|---|
| बी.ए. | 320 | 299 |
| बी.कॉम | 240 | 80 |
| बीबीए | 40 | 27 |
| बीएससी (नॉन-मेडिकल) | 100 | 39 |



**हिसार।** प्रशिक्षण वर्ग के समापन अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को स्मृति चिंह भेंट करते अतिथिगण। *फोटो: हरिभूमि*

# मुठभेड़ के बाद धरे गए दो बदमाश जेल भेजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

एसटीएफ टीम के साथ मुठभेड़ के बाद काबू किए गए तीन बदमाशों में एक दो को अदालत ने जेल भेज दिया है जबकि घायल बदमाश का नागरिक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद नवीन उर्फ गोलू व नवीन को अदालत में पेश किया था जबकि एक अन्य बदमाश मनदीप गुज्जर, जो मुठभेड़ के दौरान घायल हो गया था, वह नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन है। एसटीएफ टीम ने रविवार रात को तलवंडी राणा के पास मुठभेड़ के दौरान तलवंडी राणा निवासी नवीन उर्फ गोलू, नवीन व मनदीप गुज्जर को काबू किया था। इस दौरान मनदीप के पैर में गोली लग गई थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार ये तीनों किसी वारदात की फिराक में थे कि सूचना मिलने पर एसटीएफ टीम ने इन्हें घेर लिया था। पुलिस के अनुसार घिरने के बाद इन्हें आत्मसमर्पण के लिए कहा गया लेकिन इन्होंने एसटीएफ टीम पर गोली चला दी। टीम ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की तो एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। पुलिस के अनुसार इन तीनों ने 25 मई की रात को तलवंडी राणा के शराब ठेके पर फायरिंग कर पांच लाख की रंगदारी मांगी थी।

## पशुपालकों को होगा लाभ व पशुओं की भी बढ़ेगी उत्पादकता

# जई की तीन नई किस्में ईजाद की, हरे चारे को मिलेगा बढ़ावा

### जई की इन किस्मों का हरियाणा के अलावा अन्य राज्यों को भी मिलेगा लाभः प्रो. काम्बोज



**हिसार।** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज पत्रकारों से बातचीत करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के चारा अनुभाग ने जई की तीन नई उन्नत किस्में विकसित की हैं। इनमें से अधिक चारा व बीज उत्पादन देने वाली किस्म एचएफओ 917 व एचएफओ 1014 देश के उत्तर पश्चिमी व उत्तर पूर्वी राज्यों एवं अनेक कटाई वाली किस्म एचएफओ 915 देश के पर्वतीय क्षेत्रों में उगाने के लिए सिफारिश की गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि देश में 11.24 प्रतिशत हरे व 23.4 प्रतिशत सूखे चारे की कमी है जिसके कारण पशुओं की उत्पादकता प्रभावित हो रही है। जई की अधिक गुणवत्तापूर्ण व ज्यादा पैदावार देने वाली किस्में विकसित होने से पशुपालकों को लाभ होगा व पशुओं की उत्पादकता भी बढ़ेगी। कुलपति ने कहा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित की गई फसलों की किस्मों का न केवल हरियाणा अपितु देश के अन्य राज्यों के किसानों को भी लाभ हो रहा है। हकृवि द्वारा विकसित किस्मों की मांग अन्य प्रदेशों में भी लगातार बढ़ती जा रही है। कुलपति ने बताया कि हकृवि के चारा अनुभाग द्वारा विकसित जई की तीन किस्मों (एचएफओ 917, एचएफओ 1014 व एचएफओ 915) को भारत सरकार के राजपत्र नोटिफिकेशन नं. 2138 (अ) में केन्द्रीय बीज समिति की सिफारिश पर समय पर बिजाई के लिए अनुमोदित किया गया है। यह हकृवि के साथ हरियाणा राज्य के लिए गर्व की बात है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए चारा अनुभाग के वैज्ञानिकों को बधाई दी और भविष्य में भी अपने प्रयास जारी रखने का आह्वान किया।

### जई की नई किस्म की विशेषताएं

विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने जई की नई किस्मों की विशेषता का उल्लेख करते हुए बताया कि एचएफओ 917 व एचएफओ 1014 किस्म को विकसित करने में चारा अनुभाग के डॉ. योगेश जिंदल, डॉ. डीएस फोगाट, डॉ. सत्यवान आर्य, डॉ. रवीश पंचटा, डॉ. एसके पाहुजा, डॉ. सतपाल व डॉ. नीरज खरोड़ का योगदान रहा है। एचएफओ 917 व एचएफओ 1014 किस्में दोहरे प्रकार की किस्म है जो चारा व बीज दोनों की अधिक पैदावार दे सकती है। ये दोनों किस्म देश के उत्तर पश्चिमी (हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड राज्य के तराई क्षेत्र) एवं उत्तर पूर्वी जोन (पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व आसाम) के लिए सिफारिश की गई हैं।

### चारे में प्रोटीन की मात्रा भी ज्यादा

एचएफओ 917 किस्म की हरे व सूखे चारे की औसत पैदावार 192 क्विंटल व 28 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। इसकी बीज की पैदावार 23.8 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। इस किस्म के हरे चारे में प्रोटीन की औसत मात्रा उत्तर-पश्चिम जोन में 14.4 व उत्तर-पूर्व जोन में 9.38 प्रतिशत है। एचएफओ 1014 किस्म की हरे व सूखे चारे की औसत पैदावार 185 क्विंटल व 28 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। इस किस्म की बीज की औसत पैदावार उत्तर पश्चिम जोन में 24.3 व उत्तर पूर्वी जोन में 18 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। इस किस्म के हरे चारे में प्रोटीन की औसत मात्रा उत्तर पश्चिम जोन में 15.5 प्रतिशत है।

### इन वैज्ञानिकों को रहा विशेष योगदान

जई की एचएफओ 915 किस्म को विकसित करने में चारा अनुभाग के वैज्ञानिकों डॉ. योगेश जिंदल, डॉ. डीएस फोगाट, डॉ. सत्यवान आर्य, डॉ. रवीश पंचटा, डॉ. एसके पाहुजा, डॉ. सतपाल, डॉ. नीरज खरोड़, डॉ. दलविंदर पाल सिंह व डॉ. बजरंग लाल शर्मा का योगदान रहा है।

# कार्यशाला में दिए सफलता के टिप्स

- हिंदू स्कूल में हिंदी कोर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी



**हांसी।** कार्यशाला में भाग लेने विभिन्न स्कूलों के अध्यापक स्कूल प्राचार्य अनिल कुमार व प्रशिक्षक शमशेर शर्मा एवं सुनीता मदान के साथ। *फोटो: हरिभूमि*

सिसाय रोड़ स्थित हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 1 और 2 जून को हिंदी कोर विषय पर आधारित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार की देखरेख में शिक्षकों को नवाचारपूर्ण शिक्षण विधियों से अवगत कराया गया। कार्यशाला में प्रशिक्षकों के रूप में शमशेर शर्मा एवं सुनीता मदान उपस्थित रहे, जिन्होंने हिंदी कोर विषय के गूढ़ विषयों को सरल तरीके से समझाते हुए शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों, मूल्यांकन प्रणाली और छात्रों के साथ प्रभावी संवाद की कला से परिचित कराया। प्रशिक्षण शिविर में अनेकों स्कूलों के हिंदी अध्यापकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले शिक्षकों ने बताया कि उन्हें इस कार्यशाला के माध्यम से शिक्षण कौशल में सुधार और विषय को अधिक रुचिकर एवं छात्र-केंद्रित बनाने की नई दिशा मिली। कार्यशाला के दौरान सहभागिता आधारित गतिविधियों, समूह चर्चाओं एवं व्यावहारिक उदाहरणों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी एवं रोचक बना दिया।

# अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ चलाया अभियान

- पखवाड़े के दौरान 22 अवैध हथियार और 42 कारतूस बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

पुलिस ने अवैध हथियार के कारोबार और इससे होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ एक पखवाड़े का स्पेशल अभियान चलाया है। इस अभियान के दौरान पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वालों पर कार्रवाई की गई। स्पेशल अभियान के दौरान पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत 15 केस दर्ज करके 22 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनसे 22 अवैध हथियार (8 पिस्तोल, एक रिवाल्वर, 11 देसी पिस्तोल और दो बड़े धारदार चाकू) और 42 कारतूस बरामद किए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने सभी थाना, चौकी और अपराध यूनिट प्रभारियों को 15 से 31 मई तक अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के आदेश जारी किए थे। इसके तहत अवैध अवैध हथियार रखने वालों पर कार्रवाई की गई। अगर कोई व्यक्ति अवैध असला रखता हो तो उसकी सूचना डायल 112 पर दे सूचना।

### शौर्य प्रशिक्षण की तैयारियां को लेकर बैठक की

**हिसार।** आगामी 8 से 15 जून तक हिसार में आयोजित होने वाले बजरंग दल के शौर्य प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों के लिए जिले भर के कार्यकर्ताओं और सामाजिक व्यक्तियों की बैठक आयोजित की गई। इस बड़ी बैठक का आयोजन विश्वास सीनियर सेकेंडरी विद्यालय के प्रांगण में किया गया, क्योंकि इसी विद्यालय में ही बजरंग दल का वर्ग लगने वाला है। बैठक को प्रांत सह-मन्त्री सुशील शास्त्री, विभाग संगठन मंत्री प्रवीण क्रान्ति, प्रान्त सह-संयोजक हरीश रामकली, जिलाध्यक्ष डॉ राजेन्द्र गुप्ता, वर्ग प्रबन्ध प्रमुख संदीप बंसल ने सम्बोधित किया और उपस्थित कार्यकर्ताओं को वर्ग के उत्तम संचालन के लिए प्रेरित किया।

# साध्वी पूर्णिमा ने अपने भजनों से लोगों को झूमने पर किया मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

- एक शाम, सांवरे के नाम कार्यक्रम के साथ श्री श्याम मंदिर का 53वां अष्ट दिवसीय श्याम महोत्सव सम्पन्न



श्री श्याम मंदिर हांसी के 53वें श्याम महोत्सव के अष्ट दिवसीय कार्यक्रम का रविवार को एक शाम सांवरे के नाम कार्यक्रम के साथ समापन हो गया। समापन के आठवें दिन एक शाम सांवरे के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें साध्वी पूर्णिमा ने अपने भजनों से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। साध्वी पूर्णिमा द्वारा गाए गए भजन मेरा लूट कर ले गया दिल, जिगर सांवरा जादूगर व मेरा आपकी कृपा से हर काम हो रहा है, करते हो तुम कन्हैया मेरा नाम हो रहा है... पर श्रद्धालुओं ने पूरी मस्ती के साथ झूमते हुए बाबा के नाम की मस्ती लूटी। श्री श्याम मित्र मंडल, श्री श्याम भवन ट्रस्ट एवं श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट द्वारा आयोजित शनिवार को जागरण व रविवार को एक शाम सांवरे के नाम कार्यक्रम में पीसीएसडी स्कूल के ग्राउंड में भक्तों का जनसैलाब उमड़ा। दोनों दिन उमड़े श्रद्धालुओं के जनसैलाब ने भीड़ के पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। श्याम मंदिर में 8 दिवसीय महोत्सव के आखिरी दिन मंदिर में बाबा के दरबार का कलकत्ता से मंगवाए के विशेष फूलों व मेवों से मनमोहक श्रृंगार किया गया।

# लक्षित का जईई एडवांस्ड में चयन

- आकाश हिसार के लक्षित ने जेईई एडवांस्ड 2025 में एआईआर 227 हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** शानदार परिणाम लेने पर खुशी मनाते संस्थान के पदाधिकारी व विद्यार्थी।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने घोषणा की कि उसके हिसार केंद्र के 17 छात्रों ने प्रतिष्ठित जेईई एडवांस्ड 2025 परीक्षा में सफलता अर्जित की है, जिसे इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में सबसे कठिन माना जाता है। यह परिणाम आईआईटी कानपूर द्वारा जारी किए गए। इस उत्कृष्ट उपलब्धि ने छात्रों की मेहनत, समर्पण और आकाश के अनुभवी शिक्षकों द्वारा उपलब्ध कराई गई मजबूत अकादमिक सहायता और व्यापक पाठ्यक्रम की प्रभावशीलता को उजागर किया है। यह जानकारी देते हुए आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के रीजनल डायरेक्टर, डॉ. सुरेंद्र चौहान ने बताया कि इन उपलब्धियों की अगुवाई की है लक्षित ने, जिन्होंने अखिल भारतीय रैंक (एआईआर 227) प्राप्त कर शीर्ष रैंक धारकों में जगह बनाई। शहर के अन्य प्रमुख प्रदर्शनकर्ताओं में अभिसार (एआईआर 1066), हिमेश (एआईआर2704), हर्ष (एआईआर5516), भाव्या गर्ग (एआईआर5747) और अंकिता (एआईआर 7459) शामिल हैं। ये सभी छात्र आकाश के कक्षा कार्यक्रम का हिस्सा थे, जिसे विशेष रूप से जेईई एडवांस्ड परीक्षा की तैयारी के लिए तैयार किया गया था। इस दौरान मौके पर अव्वल आने वाले छात्रों को सम्मानित किया और लड्डू बांटकर छात्रों खुशियां मनाई। इस मौके पर एकेडमिक डायरेक्टर मुकुल बंसल, हैड तनुज गाबा, मेडीकल विंग के हैड आलोक आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के कैडेट वर्ग में हिसार की रिया ने जीता गोल्ड



**हिसार।** इंडिया ताइक्वांडो के बैनर के तले आयोजित की गई चतुर्थ कैडेट एवं जूनियर नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता देहरादून के परेड ग्राउंड मे हुई। प्रतियोगिता में देश भर से 800 के करीब खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमे हिसार जिले की रिया ने लड़कियों के कैडेट वर्ग मे 47 किलोग्राम भार वर्ग मे हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए सभी राज्य के खिलाड़ियों को पछाड़कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में हिसार के कुल तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ था जिनमें रिया ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर इसी वर्ष होने वाली आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपने कदम बढ़ाए।

## रंगोत्सव 2025 में आकार वेलफेयर सोसायटी का अनूठा प्रयास

# पुराने अखबारों का उपयोग कर दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** मुख्य अतिथि प्रिंसिपल डॉ. विवेक सैनी को कला कृति भेंट करते सोसायटी के पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

ओपी जिंदल ज्ञान केंद्र में चल रहे 'रंगोत्सव 2025' निःशुल्क समर कैंप में सोमवार को अनोखी गतिविधि के तहत बच्चों ने पुराने अखबारों का उपयोग करते हुए अपनी कला के माध्यम से सामाजिक संदेश दिए। यह पहल आकार वेलफेयर सोसाइटी द्वारा की गई जिसका उद्देश्य बच्चों को समाजिक मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनाना और उनकी रचनात्मक क्षमता को जागृत करना है। इस गतिविधि में बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा का अधिकार, महिला सशक्तिकरण, बाल श्रम और स्वच्छता जैसे अहम विषयों को केंद्र में रखते हुए अपने-अपने पोस्टर, कोलाज और कलाकृतियां बनाईं। कला के इन रंगों में जहां रचनात्मकता की झलक थी, वहीं समाज को जागरूक करने का गूढ़ संदेश भी था।

### सोसायटी के प्रयास की सराहना

इस अवसर पर मुख्य अतिथि गवर्नमेंट कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. विवेक सैनी ने कहा कि सोसायटी का प्रयास केवल कला सिखाना नहीं है बल्कि बच्चों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जगाना भी है। ये बच्चे आने वाले समय में परिवर्तन के वाहक बन सकते हैं। कला एक शक्तिशाली माध्यम है जो न केवल भावनाएं व्यक्त करता है बल्कि बदलाव की दिशा भी तय करता है।

### कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई

आयोजन में संस्था के अध्यक्ष सुमित कुमार ने बच्चों का मार्गदर्शन किया और उन्हें बताया कि कला केवल सजावट का साधन नहीं बल्कि समाज को दिशा देने का औजार भी बन सकती है। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों की कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसे अभिभावकों और आमंत्रित अतिथियों ने सराहा। कार्यशाला के अंत में मुख्य अतिथि को सम्मान स्वरूप संस्था के सदस्य मोहित सैनी द्वारा बनाई गई कला कृति भेंट की गई। इस अवसर पर संस्था के महासचिव संदीप कुमार, नरेंदर, मुकेश सैनी, देवेंद्र सैनी, डॉ. डीके शर्मा, उमेश, निर्मल व गर्विता आदि उपस्थित थे।

